# 6 गोल-गोल संसार

Scanned with OKEN Scanner

लिखिए

1. **सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए—**

क. आज सुबह के ····**सूरज**···· को देखकर अंतरा सोच रही है।

ख. गोले में अमन ····**गेंदे**···· के फूल लगाएगा।

ग. ····**चूड़ी**···· और रिंग को वृताकार छल्ला कहेंगे।

घ. वापस आते समय अंतरा और अमन को ····**जुम्मन भैया**···· मिले।

2. **कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—**

क. अमन ने गोले में क्या लगाया?

उ. अमन ने गोले में गेंदे का फूल लगाया।

ख. जुम्मन भैया की जीप के पहिये कैसे थे?

उ. जुम्मन भैया की जीप के पहिये गोल थे।

ग. दोनों गाँव से क्या करते हुए वापस आए?

उ. दोनों गाँव से सारी गोल चीज़ें देखते हुए और गाना गाते हुए घर वापस आए।

3. **कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—**

क. अंतरा के भाई ने उसे क्या करने के लिए कहा और क्यों?

उ. अंतर के भाई ने उसे रस्सी के एक छोर को पकड़कर अपनी जगह पर गोल घूमने के लिए कहा क्योंकि उसे गेंदे के फूल लगाने के लिए गोल घेरे की ज़रूरत थी।

ख. कौन-कौन-सी चीज़ें वृताकार चकती कहलाती हैं?

उ. रोटी, सिक्का, सीडी और चकला जैसी चीज़ें वृताकार चकती कहलाती हैं।

ग. गाँव में अमन और अंतरा को क्या-क्या गोल दिखाई दिया?

उ. गाँव में अमन और अंतरा को कुएँ की मुँडेर, बैल द्वारा पगडंडी पर चक्कर लगाने से बना घेरा, कुम्हार काका का चाक, काकी की चक्की और जुम्मन भैया के जीप के पहिये सभी गोल दिखाई दिए।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **नीचे दिए गए वाक्यों में सही विराम-चिह्न लगाइए—**

क. दोनों ने फूल लगाए।

ख. ओह! तुम्हें क्या हुआ?

ग. अमन, अंतरा और जुम्मन भैया गाँव गए।

2. **नीचे दिए गए अंकों को सही शब्दों से मिलाइए—**






Scanned with OKEN Scanner

3. वचन बदलिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| लड़की — लड़कियाँ | | लकड़ी — लकड़ियाँ | |
| थाली — थालियाँ | | पौधा — पौधे | |
| रस्सी — रस्सियाँ | | सिक्का — सिक्के | |

4. संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग समझिए और दिए गए शब्दों से खाली स्थान भरिए—

| (म् + म = म्म) | (क् + क = क्क) | (च् + छ = च्छ) |
|---|---|---|
| अम्मा | सिक्का | अच्छा |
| जुम्मन | ढक्कन | मच्छर |
| चम्मच | चक्कर | गुच्छा |

Scanned with OKEN Scanner